प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.06.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भूतल परिवहन मंत्रालय और हिमाचल लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जा रही विभिन्न फोरलेन परियोजनाओं व अन्य निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं के कार्य की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने विभागों को विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को शिमला–मटौर और मंडी–पठानकोट सड़कों को पूर्ण रूप से फोरलेन में विकसित करने के निर्देश दिए ताकि यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिल सके। राज्य सरकार कांगड़ा जिला को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित कर रही है और दोनों फोरलेन परियोजनाएं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होंगी। मुख्यमंत्री ने पिंजौर–नालागढ़–बद्दी फोरलेन के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिमला बाईपास परियोजना, शिमला–सोलन फोरलेन व मंडी–हमीरपुर और पांवटा–शिलाई सड़कों को चौड़ा करने और इनके सुदृढ़ीकरण की भी समीक्षा की और इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर आरोप लगाया कि वह मात्र राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चारों लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने अपनी बेहतर उपस्थिति दर्ज करवाई है और उपचुनाव में चार सीट पार्टी ने जीती हैं और भाजपा की हार हुई है ऐसे में जयराम ठाकुर को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का 400 पार का नारा फेल हो गया है और भाजपा देश में पूर्ण बहुमत नहीं ले पाई । उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सब पर भाजपा के नेताओं को जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ प्रदेश में सरकार को चलाएगी और हर वायदे को पूरा किया जायेगा ।

आभा कार्ड

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आभा–आधारित स्कैन और शेयर सर्विस के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण के लिए तीन करोड़ से अधिक टोकन देकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस सेवा के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण काउंटर पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके आसानी से पंजीकरण कराया जा सकता है। वर्तमान में 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पांच हजार 435 से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं में यह सेवा चल रही है। मंत्रालय ने कहा कि इस डिजिटल सेवा से कागजी कार्रवाई समाप्त हुई है और प्रतीक्षा समय भी कम हो जाता है। यह सेवा अक्टूबर 2022 में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू की गई थी।

उपायुक्त कुल्लू

कुल्लू के उपायुक्त व जिला आपदा प्रबंधन अभिकरण अध्यक्ष तोरुल एस रवीश ने कल आगामी मानसून मौसम की तैयारियों को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने मानसून के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सभी विभागों को आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के आने से पहले सभी ड्रोन और जल प्रवाह के चैनल को साफ करने के लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने लोक निर्माण, पंचायती राज संस्थान, नगर परिषद, एनएचएआई के अधिकारियों को इस संबंध में कार्य करके 20 जून तक रिपोर्ट प्रेषित कर सूचित करने के निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश में लोगों को जल्द ही भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 20 जून तक मानसून दस्तक दे सकता है। हालाँकि प्रदेश के अधिकांश भागों में तेज़ धुप निकलने से गर्मी का प्रकोप अभी भी जारी है और मैदानी भागों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। बीते रोज ऊना में सबसे अधिक 40 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज मध्यम ऊंचाई वाले भागों में कहीं कहीं अंधड़ के साथ हल्की वर्षा होने और ऊँचे क्षेत्रों में वर्षा व हल्के हिमपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पंजाब केसरी की सुर्खी है **एचपीयू ने स्थगित की स्नातकोत्तर परीक्षाएं, डेटशीट विद्ड्रा, अब 24 से शुरू होंगी परीक्षाएं।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **चंबा में निर्माणाधीन सड़क पर वाहन में ओवरलोडिंग ने ली चार लोगों की जान।**

शिमला समर फेस्टिवल 15 से 18 जून तक शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **रिज पर होंगे रंगारंग कार्यक्रम, एक दिन रहेगा चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के नाम।** इसी पत्र की एक अन्य खबर है **प्रदेश में आचार संहिता हटी, हो सकेंगे विकास कार्य, भर्ती प्रकिया होगी शुरू।** दिव्य हिमाचल लिखता है **आचार संहिता खत्म, अब होगी प्रोमोशन, सरकार ले सकती है नए फैसले, रुकी भर्तियां भी पकड़ेंगी रफ्तार।**

प्रदेश में सितंबर से शुरू होंगी मेडिकल ड्रोन सेवाएं शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है **बिलासपुर एम्स देगा राज्यभर में मरीजों को ये सुविधाएं।**

आपका फैसला की एक खबर है **सीएम ने फोरलेन एवं अन्य निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं के कार्य की समीक्षा की।**

मौसम से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है **हिमाचल में 20 से 22 जून के बीच पहुंचेगा मानसून।** हिमाचल दस्तक के शब्द हैं **कांगड़ा, कुल्लू समेत चार जिलों में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट।** दैनिक भास्कर का कहना है **प्रदेश के कई क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, 8 तक बारिश, अंधड़ का यलो अलर्ट।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार